साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित एक स्वायत्तशासी संस्था अपने चेन्नई स्थित उप कार्यालय के लिए सहायक संपादक (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित) पद हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित करती है।

पदों की संख्या : एक (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित)

वेतनमान : पे बैंड– ।।।/ 15600–39100 / ग्रेड पे –5,400

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ

अनिवार्य

1. मान्यता–प्राप्त विश्वविद्यालय से साहित्य अकादेमी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाषा में स्नातकोत्तर उपाधि।
2. हिन्दी / अंग्रेज़ी भाषा का अच्छा ज्ञान तथा संबद्ध क्षेत्र की एक या एक से अधिक भारतीय भाषाओं का ज्ञान।
3. साहित्यिक एवं विद्वत्तापूर्ण पांडुलिपियों के संपादन तथा उनके प्रकाशन के विविध स्तरों पर देखरेख का पाँच वर्षों का अनुभव।
4. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय

1. साहित्य में शोध उपाधि।
2. शोधकार्य का अनुभव / प्रकाशित शोध आलेख / कृतियाँ।
3. भारतीय साहित्य का सामान्य ज्ञान।
4. पत्रकारिता में डिप्लोमा।

आयु–सीमा : 50 वर्ष (भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु–सीमा में छूट)

जो आवेदक केंद्र / राज्य सरकार / स्वायत्त संस्थानों / प्रतिष्ठत शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन कृपया उचित माध्यम से भेजें। पदस्थ को भारत के किसी भी भाग में स्थित साहित्य अकादेमी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।

आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक / अनुभव / कार्य से संबंधित प्रमाण–पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ हमारी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों के भीतर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली–110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफाफ़े पर 'सहायक संपादक (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित) पद हेतु ''उप कार्यालय चेन्नई'' के लिए आवेदन' अंकित होना चाहिए। ई–मेल द्वारा अथवा जरूरी संलग्नकों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

वेबसाइट **http://www.sahitya-akademi.gov.in**

विज्ञापन सं. एसए / 50 / 24 / 2016

प्रकाशन तिथि : 24 सितंबर 2016

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 23 अक्टूबर 2016